# कार्यालय–अधिष्ठाता शैक्षिक क्रिया कलाप
## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर

पत्रांकः 548/शैक्षिक/पंचम् दी0स0/2023–24 दिनांकः अगस्त 24, 2023

## :: दीक्षान्त समारोह ::

हर्ष के साथ सूचित करना है कि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022–23 में बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0, एम0बी0ए0, एम0एस0सी0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं हेतु पंचम् दीक्षान्त समारोह दिनांक सितम्बर 29, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उपाधि धारकों को सूचित करना है कि पंचम् दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये दिनांक 11.09.2023 से 22.09.2023 के मध्य पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण लिंक एच0बी0टी0यू0 की वेबसाइट के **''दीक्षान्त समारोह''** टैब पर दिनांक 11.09.2023 से उपलब्ध होगा। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी आवश्यक अन्य सूचनायें भी ''दीक्षान्त समारोह'' टैब पर समय–समय पर अपडेट की जायेगीं।

सूचित हों कि सभी उपाधि धारकों को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस) जिसमें छात्रों को सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–सूट में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उक्त के साथ ही परिधान (उत्तरी एवं साफा) विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका शुल्क रू0 500/– देय होगा (परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेंगे)। उक्त शुल्क ऑफलाइन/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। ऑफलाइन भुगतान हेतु छात्र–छात्रा भौतिक रूप से उपस्थित होकर वित्त विभाग में नकद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं या **"Finance Controller, HBTU Kanpur"** के नाम बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा अपने पंजीकरण की प्रति के साथ बैंक ड्राफ्ट संलग्न कर वित्त नियत्रंक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर 208002 को स्पीड–पोस्ट द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पोर्टल लिंक **http://erp.hbtu.co.in/slogin.aspx** के माध्यम से दिनांक 11.09.2023 से 22.09.2023 के मध्य ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते है।

**उत्तीर्ण छात्रों से यह भी अपेक्षा है कि जिन छात्र–छात्राओं ने अपना अदेयता प्रमाण–पत्र (नो–डयूज) अथवा शिक्षण शुल्क शैक्षिक अनुभाग में अभी तक नहीं जमा किया है, वे दिनांक 15.09.2023 तक अपना अदेयता प्रमाण–पत्र अथवा शिक्षण शुल्क की प्रति शैक्षिक अनुभाग में अवश्य जमा करना सुनिश्चित करें।**

24.08.2023

(डा0 आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप